दिन– गुरुवार दिनांक– 20/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान नालंदा जिले में पांच सौ सत्रह विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत इस वर्ष लगभग साठ हजार परिवारों को होगा चयन। अनुदान के रूप में मिलेंगे दो–दो लाख रुपये।

03. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पटना स्थित पूर्वी अनुसंधान परिषद का तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह आज से शुरू हो रहा है।

04. और, बीपीएससी ने सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा के दौरान आयोग की छवि धूमिल करने के मामले में एक अभ्यर्थी को आजीवन और बारह अभ्यर्थियों को तीन वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में नालंदा जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे पांच सौ सत्रह विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

मुख्यमंत्री जिले के सिलाव प्रखंड के नानंद गांव से अपनी यात्रा की शुरूआत करेंगे। इस गांव को आदर्श मॉडल गांव के रूप में विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री इस गांव में डिजिटल लाइब्रेरी, अमृत सरोवर और पार्क का उद्‌घाटन करेंगें। साथ ही वे यहाँ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल और प्रदर्शनी का भी निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री कुमार सबैत गांव में अति पिछड़ा वर्ग बालिका आवासीय विद्यालय, नालंदा मोड़ स्थित मत्स्य हैचरी, बिंद प्रखंड में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और बिहारशरीफ के मामू भगिना स्थित फिटनेस पार्क का भी उद्‌घाटन करेंगे। इसके अलावा वे जिले के सात प्रखंडों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भी उद्‌घाटन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का बिहारशरीफ समाहरणालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने का भी कार्यक्रम है। आकाशवाणी समाचार के नालंदा से निरंजन कुमार।

———————————————————————————

बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत इस वर्ष लगभग साठ हजार परिवारों का चयन होगा। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को लघु उद्यम स्थापित करने के लिए दो लाख रुपये अनुदान के रूप में दिए जाएंगे। छह हजार रूपये मासिक से कम आय वाले परिवार पांच मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

———बाईट———

श्री मिश्र ने बताया कि जातीय गणना के आधार पर चिन्हित आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को उद्यम लगाने के लिए सरकार दो–दो लाख रूपये अनुदान के रूप में देगी।

———बाईट———

————————————————————————————

राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए जारी सर्वेक्षण में नाम जोड़ने के लिए रिश्वत मांगे जाने की शिकायतों के बाद लोगों को सतर्क किया है। ग्रामीण विकास विभाग ने कहा है कि यदि कोई कर्मचारी सूची में नाम शामिल करने के लिए घूस मांगता है तो इसकी शिकायत निगरानी विभाग के टोल फ्री नम्बर– एक शून्य छह चार, टेलीफोन नम्बर– शून्य छह एक दो दो दो एक पांच तीन चार या मोबाईल नम्बर– सात सात छह पांच नौ पांच तीन दो छह एक पर की जा सकती है।

————————————————————————————

पटना स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर आईसीएआर–आरसीईआर के रजत जयंती वर्ष समारोह की आज से शुरुआत हो रही है। तीन दिवसीय इस समारोह में किसान मेला, वैज्ञानिक संगोष्ठी और कृषि उद्यमिता समागम आयोजित होंगे। आईसीएआर–आरसीईआर का बिहार और झारखंड सहित पूर्वी भारत के सात राज्यों में कार्य क्षेत्र है। संस्थान ने अपने रजत जयंती समारोह की थीम प्रगतिशील कृषि से विकसित भारत का निर्माण रखा है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में संस्थान के निदेशक डॉ अनूप दास ने बताया कि परिषद का उद्देश्य समेकित कृषि प्रणाली को बढ़ावा देकर छोटे और सीमांत किसानों की आमदनी को बढ़ाना है।

———बाइट———

डॉक्टर दास ने बताया कि पच्चीस साल के सफर में संस्थान ने कई प्रमुख उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने कहा कि रजत जयंती वर्ष पर समेकित खेती का महिला सशक्तिकरण केंद्रित एक मॉडल लांच होगा।

———बाइट———

————————————————————————————

भाजपा की वरिष्ठ नेता रेखा गुप्ता आज दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी। कल नई दिल्ली में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद नए मुख्यमंत्री के रूप में उनके नाम की घोषणा की गई। श्रीमती गुप्ता ने राजनिवास में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। श्री

सक्सेना ने दावा स्वीकार करते हुए उन्हें नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। रेखा गुप्ता पहली बार विधायक बनी हैं। उन्होंने शालीमार बाग विधानसभा सीट से चुनाव जीता है।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा के दौरान आयोग की छवि धूमिल करने के आरोप में तेरह अभ्यर्थियों पर कार्रवाई की है। आयोग ने अरवल जिले के करपी के एक छात्र को आजीवन बीपीएससी की सभी परीक्षाओं से प्रतिबंधित कर दिया है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान प्रश्न–पत्र और उत्तर पत्रक को कक्ष से बाहर ले जाने, परीक्षा को बाधित करने, अफवाह फैलाने और आयोग की छवि धूमिल करने के मामले में बारह अभ्यर्थियों को बारह दिसंबर दो हजार सत्ताईस तक की सभी परीक्षाओं से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

———————————————————————

मैट्रिक परीक्षा के कल तीसरे तीन प्रदेशभर से कदाचार के आरोप में पन्द्रह परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया। शेखपुरा से सबसे अधिक सात परीक्षार्थी निष्कासित किये गये। वहीं, नवादा, गोपालगंज और सुपौल से दो–दो तथा रोहतास और वैशाली जिले से एक–एक परीक्षार्थियों का निष्कासन हुआ है। इसके अलावा दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे कुल सोलह फर्जी अभ्यर्थियों को भी पकड़ा गया।

———————————————————————

राज्य के विभिन्न शहरों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पटना सहित राज्य के चौबीस शहरों के अधिकतम तापमान में कल दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई। सर्वाधिक अधिकतम तापमान तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस बक्सर में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा। वहीं, बांका और जमुई जिले के कुछ जगहों पर मेघ गर्जन के साथ बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत का मुकाबला बांग्लादेश से होगा। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम आज दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में प्रतियोगिता का पहला मैच खेलने उतरेगी। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे शुरू होगा। इधर, कल प्रतियोगिता के पहले दिन न्यूजीलैंड ने कराची में गत चैंपियन पाकिस्तान को साठ रन से हरा दिया।

———————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में धनशोधन मामले के आरोपी एमएलसी राधाचरण साह के पुत्र कन्हैया कुमार ने कल पटना के पीएमएलए विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में लेते हुए बेऊर जेल भेज दिया।

———————————————————————————

पंचायती राज विभाग ने पटना के फुलवारीशरीफ की कुरथौल पंचायत की मुखिया गीता देवी को पद से हटा दिया है। साथ ही उनके पांच वर्षों तक चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी गई है। गीता देवी पर कार्यों के निष्पादन में तय मानकों के उल्लंघन का आरोप सही पाये जाने पर प्रमंडलीय आयुक्त तथा जिलाधिकारी की अनुशंसा पर यह कार्रवाई की गई है।

———————————————————————————

गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र के बुधनी बाजार के पास पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ में एक अपराधी के पैर में गोली लगी है। घायल अपराधी का इलाज मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। वहीं, पुलिस ने मामले में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के पच्चीस हजार रूपये के ईनामी अपराधी बंगाली यादव को जिला सूचना इकाई और एसटीएफ की टीम ने साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के अहोक घाट से गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के गंगटा संग्रामपुर मुख्य मार्ग के ठाडा पतघाघर लोहा पुल के पास देर रात एक अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के कुशहर चौक के पास अपराधियों ने हथियार के बल पर एक व्यक्ति से तीन लाख रूपये लूट लिये।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– डेहरी में औद्योगिक क्षेत्र का होगा विकास, रोजगार के बढ़ेंगे अवसर।

दैनिक जागरण ने लिखा है– अब नये सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस से सीबीएसी दसवीं और बारहवीं की परीक्षा वर्ष में दो बार।

दैनिक भास्कर लिखता है– मौनी अमावस्या के बाईस दिन बाद सीएम योगी ने विधानसभा में बताया सैंतीस श्रद्धालुओं की भगदड़ में मौत हुई।

राष्ट्रीय सहारा ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश को प्रमुखता देते हुये लिखा है– शिशु दुग्धपान के लिए बनाये अलग से स्थान।

आज अखबार की सुर्खी है– स्कूलों के हेड मास्टर को विकास के लिए हर साल मिलेंगे पचास हजार रूपये।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान नालंदा जिले में पांच सौ सत्रह विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत इस वर्ष लगभग साठ हजार परिवारों को होगा चयन। अनुदान के रूप में मिलेंगे दो–दो लाख रुपये।

03. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पटना स्थित पूर्वी अनुसंधान परिषद का तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह आज से शुरू हो रहा है।

04. और, बीपीएससी ने सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा के दौरान आयोग की छवि धूमिल करने के मामले में एक अभ्यर्थी को आजीवन और बारह अभ्यर्थियों को तीन वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।